भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1046

गुरुवार, 15 दिसंबर, 2022 / 24 अग्रहायण, 1944 (शक)

असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक

1046. श्री एस. कल्याणसुन्दरम:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि सफाई कर्मचारियों के पास अन्य श्रम बलों की तरह उनके काम का समय, छुट्टियों, रोल कॉल हेतु उचित स्थान, ड्यूटी से हटाने आदि के लिए दिशानिर्देश निर्धारित करने वाली कोई अलग नियम पुस्तिका नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस महत्वपूर्ण मुद्दे के समाधान के लिए क्या सुधारात्मक कदम उठाए जाने का प्रस्ताव है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क) और (ख): स्वच्छता राज्य का विषय है और सफाई कर्मचारियों के लिए नियमों और दिशानिर्देशों को तैयार करने अर्थात् भर्ती, इत्यादि राज्य सरकार द्वारा की जाती है।

****